www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...
SUNDAY
नई दिल्ली, रविवार, 29 मार्च, 2020
वर्ष – 12 | अंक –340 | पृष्ठ – 14
मूल्य 4.00 रु.
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु

गौड़ ग्रुप ने तीन हजार से अधिक मजदूरों की उठाई जिम्मेदारी

ग्रेटर नोएडा, 28 मार्च (देशबन्धु)। गौड़ ग्रुप हमेशा से ही समाज के प्रति अपनी भागीदारी निभाते आ रहा है। ऐसे में जब भारत में कोरोना जैसी वैश्विक महामारी की आपदा आ चुकी हो, तो गौड़ ग्रुप ने इस आपदा से बचाने के लिए उन जरुरतमंद परिवारों के साथ खड़ा है। गौड़ ग्रुप ने अपने सभी प्रोजेक्ट के मजदूरों के लिए उनके पोषण का ध्यान रखते हुए राशन की जरूरतों को पूरा कर रहा है। इनमें गौड़ यमुना सिटी, गौड़ सिद्धार्थम, गौड़ सिटी सेंटर, गौड़ सिटी 7 एवेन्यु, गौड़ सिटी14 एवेन्यु शामिल है। एक तरफ जहां लाखों मजदूर इस महामारी के कारण उपयुक्त भोजन न मिलने से बेबस होकर अपने घर के तरफ पैदल ही जा रहे हैं वहीं गौड़ ग्रुप ने अपने प्रोजेक्ट के सभी लेबरों के साथ खड़े होकर उनका ध्यान रख रहा है जिसमें महीनेभर का राशन और जरुरत की सभी चीजों का इंतजाम किया है। इसके अलावा ग्रुप उन मजदूरों को इस महामारी के बारे में जागरूक कर रहा है। ताकि वह इस बीमारी से बचे रहें। बता दें कि गौड़ ग्रुप ने अपने कई प्रोजेक्टों पर काम कर रहे, सभी मजदूरों को आसरा देने के अलावा भी प्रशासन को पांच लाख का चेक देकर आर्थिक मदद की है। यह मदद वर्तमान समय में जरूरतमंद लोगों को खाने–पीने की जरूरतों को पूरा करने लिए है। गौड़ ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ ने कहा, इस वैश्विक महामारी में मजदूर तबके को उनके खाद्य समाग्री के लिए एक हमारी छोटी सी मदद थी। हम इस लॉकडाउन में जरुरतमंदों के साथ सदैव खड़े हैं। क्योंकि आज की स्थिति बहुत ही विकट है। इस विकट परिस्थिति में सबल वर्ग को साथ आना चाहिए।